हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 27 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 28 .0 डिग्री
न्यूनतम 17 .0 डिग्री

11 विकसित समाज के निर्माण में आमजन की सक्रिय भागीदारी जरूरी



11 महर्षि स्कूल में मनाया रुद्राभिषेक



## खबर संक्षेप

### कबड्डी की ट्रायल एक मार्च को खटकड़ में

**जींद।** हरियाणा महिला, पुरूष सीनियर कबड्डी चैंपियनशिप को लेकर महिलाएं पुरूष की टीम के चयन को लेकर खटकड़ गांव में एक मार्च को ट्रायल होगी। कबड्डी विकास समिति जींद के प्रधान राकेश सिवाच ने बताया कि जिला जींद सीनियर कबड्डी टीम का चयन आयोजित ट्रायल में होगा। सेक्रेटरी विशाल लाठर ने बताया।

### गाड़ी सवार युवकों ने महिला से जेवर छीने

**जींद।** रेलवे अस्पताल के पास बुधवार सुबह कार सवार युवकों ने सैर कर रही महिला से सोने के जेवरात छीन लिए। जबकि कुछ दूरी पर दूसरी महिला से भी छीना झपटी की कोशिश की गई। शहर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात कार सवार युवकों के खिलाफ छीना झपटी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोपित दबोचा

**जींद।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी अमित द्वारा गत 21 जुलाई को आत्महत्या के लिए मजबूर करने पर सैनी गढ़ी खरखोदा सोनीपत निवासी आकाश सैनी उर्फ अक्की को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि 21 जुलाई सूचना मिली थी कि हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी अमित ने जहरीला पदार्थ निगल लिया है। जिसकी निजी अस्पताल में मौत हो गई है।

### महिला की नकदी चोरी करने पर दो नामजद

**जींद।** नागरिक अस्पताल पार्क में महिला के 35 हजार रुपये चोरी करने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने दंपत्ति के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अनाज मंडी बरवाला निवासी कमलेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वकील से मिलने जींद आई थी। उसके पास साढ़े 35 हजार रुपये थे।

### निजी कार्यालय का टूटा ताला, सामान चोरी

**जींद।** डिफेंस कालोनी में बीती रात चोरों ने निजी कार्यालय का ताला तोड़ कर एसी, एलईडी को चोरी कर लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। डिफेंस कालोनी निवासी सुखबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने सफीदों बाईपास पर कार्यालय खोला हुआ है।

### युवती का पीछा कर उसके साथ छेड़छाड़ की

**कैथल।** शहर पुलिस कैथल ने अंबाला रोड स्थित एक कालेज के निकट युवती का पीछा कर उसके साथ छेड़छाड़ के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शहर की एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 25 को सुबह 10:00 बजे जब उसकी बेटी कैथल के निजी कॉलेज के निकट से गुजर रही थी तो युवक ने उसका पीछा करते उसके साथ छेड़छाड़ की।

### महिला का फोटो वायरल करने पर शिकायत दर्ज

**जींद।** महिला की इंस्टाग्राम पर फोटो वायरल करने तथा धमकी देने पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पिल्लूखेड़ा थाना इलाके की महिला ने पुलिस को शिकायत दी है।

### छात्रा से अश्लील हरकत करने पर मामला दर्ज

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में छात्रा से अश्लील हरकत करने तथा विरोध करने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अशील हरकत करने, धमकी देने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिविल लाइन थाना इलाके की युवती ने शिकायत दी है।

# पूंडरी में पोस्टर फाड़ने से विवाद के चलते मुख्यमंत्री की जनसभा का स्थल बदला

## विधायक जांबा ने कहा - मौसम खराब के चलते बदला स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी में मुख्यमंत्री की जनसभा से पहले विवाद खड़ा हो गया। नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा एक धार्मिक पोस्टर उतारने को लेकर स्थानीय लोग भड़क गए, जिसके चलते प्रशासन को मुख्यमंत्री की जनसभा का स्थल बदलना पड़ा। पहले यह जनसभा पाई गेट चौक पर होनी थी, लेकिन अब इसे पास के कम्यूनिटी हॉल में स्थानांतरित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री की जनसभा के लिए पाई गेट पर मंच लगाया जा चुका था और तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। इसी दौरान नगर पालिका के कर्मचारी सभा स्थल की सफाई और सजावट के लिए वहां लगे पोस्टर और बैनर हटा रहे थे। इसी क्रम में गुरु ब्रह्मानंद की प्रतिमा के पास लगा एक पोस्टर भी उतार दिया गया। इस घटना से वहां मौजूद स्थानीय लोगों में रोष फैल गया। उन्होंने तुरंत विरोध जताया और नगर पालिका कर्मियों की इस कार्रवाई को अस्वीकार्य बताया। धीरे-धीरे विरोध बढ़ता गया और तनावपूर्ण स्थिति बन गई। स्थानीय निवासी संजीव, रोहित, बलवान, संजय, सतपाल, नीरज, मोहित व जोगिंदर ने बताया कि चौंक में स्थित गुरु ब्रह्मानन्द जी के पास गुरु जी का पोस्टर लगाए हुआ था, जिसे नपा कर्मचारियों ने उतार दिया, जिसका उन्होंने ने भी विरोध किया, लेकिन वे नहीं माने। जिससे वहां मौजूद लोगों में रोष फैल गया। विधायक सतपाल जांबा ने कराया मामला शांत। स्थिति बिगड़ते देख विधायक सतपाल जांबा मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि पोस्टर हटाने में शामिल नगर पालिका कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इसके बाद लोग कुछ हद तक शांत हुए, लेकिन उन्होंने मांग रखी कि मुख्यमंत्री की जनसभा किसी खुले स्थान पर कराई जाए। प्रशासन और आयोजकों ने हालात को देखते हुए पाई गेट पर प्रस्तावित जनसभा स्थल को बदलने का निर्णय लिया। अब जनसभा कम्युनिटी हॉल में आयोजित की जाएगी। विधायक सतपाल जांबा ने इस बदलाव की वजह बदलते मौसम को बताया। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग ने बारिश की संभावना जताई है, इसलिए सभा को ऐसे स्थान पर रखा गया है, जहां बारिश के बावजूद कार्यक्रम में कोई बाधा न आए।



पूंडरी। सीएम की सभा के लिए कम्यूनिटी हाल का दौरा करते विधायक सतपाल जांबा।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

घटना के बाद प्रशासन ने सुरक्षा बढ़ा दी है। पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि कोई अप्रिय स्थिति न बने। मुख्यमंत्री की जनसभा को लेकर अधिकारी सतर्क हैं और तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। हालांकि प्रशासन ने विवाद को शांत करने के लिए तत्काल कदम उठाए हैं, लेकिन स्थानीय लोगों में अभी भी नाराजगी बनी हुई है। उनका कहना है कि धार्मिक प्रतीकों का सम्मान किया जाना चाहिए और इस तरह की लापरवाही दोबारा नहीं होनी चाहिए।

### जुलाना: भाजपा से चेयरमैन पद के प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया

# जनता ने ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का मूड बनाया: नायब सैनी

## 100 दिन में 18 संकल्प पूरे, दस के लिए मंजूरी आने वाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को जुलाना नगर पालिका भाजपा से चेयरमैन पद के प्रत्याशी डा. संजय जांगड़ा के समर्थन में जनसभा की। इसमें नायब सिंह सैनी ने कहा कि निकाय चुनाव को लेकर पूरे प्रदेश में जनसभाएं चल रही हैं। हर जगह भाजपा के पक्ष में आवाज है। जनता ने मूड बना है लिया है कि दो मार्च को ट्रिपल इंजन की सरकार बनाई जाएगी। जुलाना में भी ट्रिपल इंजन की सरकार बनने पर तीन गुना तेज गति से विकास कार्य करवाए जाएंगे। पेयजल, बिजली, सफाई और अन्य किसी भी प्रकार की समस्या नहीं रहने दी जाएगी। पूरा विश्वास है कि जुलाना की जनता भाजपा प्रत्याशी डा. संजय जांगड़ा को रिकार्ड मतों से विजयी बनाएगी और बाकी आगे का काम मैं करूंगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर भी जमकर वार किया। सैनी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के नेता युवाओं को रोजगार की वकालत करते थे, जब हम रोजगार देने लगे तो कांग्रेसी कोर्ट और चुनाव आयोग में चले गए। इसका परिणाम यह हुआ कि युवाओं की सरकारी नौकरी का रिजल्ट रुक गया लेकिन प्रदेश की जनता ने कांग्रेस के युवाओं की नौकरी बेचने के सपने को पूरा नहीं होने दिया। भाजपा की सरकार बनी और मैंने वादे के अनुसार मुख्यमंत्री पद की शपथ बाद में ली पहले युवाओं को नौकरी दी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस मूर्छित हो गई है, कांग्रेसी नेता अभी तक होश में नहीं आए। निकाय चुनाव में भी जनता कांग्रेस को जीरो पर आउट करेगी। इस मौके पर डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा, सफीदों विधायक रामकुमार गौतम, अमरपाल राणा, जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढुल, डा. पुष्पा तायल आदि मौजूद रहे।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस के लोग कह रहे हैं कि भाजपा ने अपने वादे पूरे नहीं किए। दरअसल कांग्रेस के नेता एसी कमरों में बैठकर ट्वीट करते हैं, उन्हें धरातल की कोई जानकारी नहीं। भाजपा संकल्प पत्र के वादे पूरे कर रही है। 100 दिनों के अंदर भाजपा 18 वादे पूरे कर चुकी है। 10 पर काम शुरू है और उनके लिए आर्थिक अनुमति जरूरी हैए जो मंजूर होकर आने वाली है। ऐसे करके 28 वादे भाजपा ने पूरे कर दिए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कानून व्यवस्था को लेकर कहा कि हमने पुलिस को खुली छूट दे रखी है। अपराध को कंट्रोल करने में कोताही नहीं बरती जा रही। पुलिस भी कार्रवाई करने में कोई देर नहीं करती। ये गरीबों की सरकार है।



जींद। मंच पर मौजूद सीएम व अन्य नेता। फोटो :हरिभूमि

### 500 रुपये में सिलेंडर दे रहे, डायलिसिस की सुविधा

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि संकल्प पत्र के अनुरूप प्रदेश में किडनी मरीज को दिए जाने वाले डायलिसिस को पीजीआई और सरकारी अस्पताल में फ्री किया गया है और उसका सारा खर्च प्रदेश सरकार वहन कर रही है। इसी प्रकार से हर घर हर गृहणी योजना के तहत एक लाख 80 हजार रुपये से कम आय वाले घरों में महिलाओं को 500 में गैस सिलेंडर मुहैया करवाया जा रहा हैए जिसके तहत करीब 15 लाख परिवार जुड़ चुके हैं और अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि पात्र परिवारों को इस योजना का हर हाल में लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार मिलकर 70 साल से अधिक के बुजुर्ग व्यक्तियों को 5 लाख रुपए तक का इलाज करवा रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी गरीब व्यक्ति बिना घर के ना होए हर व्यक्ति के सिर पर छत हो, इसी के तहत सरकार ने निर्णय लिया है कि नगर पालिका, नगर परिषद और नगर निगम के तहत क्षेत्र में जिन लोगों के पास अपना मकान नही हैं, उनको मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत 30 वर्ग गज के प्लाट दिए जाएं और उनको यह बताते हुए बड़ी खुशी महसूस हो रही है कि इस योजना के तहत प्रदेश में 15 हजार से अधिक लोगों को प्लाट दिए जा चुके हैं।

### केजरीवाल की पोल खुली

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली में केजरीवाल को जनता ने सत्ता से बाहर कर दिया है। केजरीवाल की कथित ईमानदारी की परतें अब खुल रही है। वहां की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक रिपोर्ट पेश की है। इस रिपोर्ट के अनुसार केजरीवाल सरकार का भारी भ्रष्टाचार सामने आया है। दिल्ली में खोखली सरकार थी और केजरीवाल दिल्ली को घुन की तरह खा रहे थे। मुख्यमंत्री सैनी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ट्वीट मास्टरों की पार्टी है। कांग्रेस पार्टी जिस तरह से दिल्ली में तीसरी बार जीरो पर आउट हुई है, वही हाल कांग्रेस पार्टी का हरियाणा के निकाय चुनाव में भी होने वाला है। जनता अब उनकी असलियत जान चुकी है तो जहां भी चुनाव हो रहे हैंए कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को ठिकाने लगा रही है और भाजपा को अपना रही है।



राजौंद। सड़क पर बैठे गोवंश व अन्य पशु। फोटो :हरिभूमि

# लावारिस पशु लोगों के लिए परेशानी का सबब

- वाहन चालकों का रात में सड़कों से गुजरना किसी खतरे से खाली नही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

नगर की मुख्य सड़कों पर घूम रहे गोवंश व अन्य आवारा पशु लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। आलम यह है कि आवारा पशु दिन ढलने के साथ ही सड़कों पर जमा होना शुरू हो जाते हैं। जिससे सड़कों पर आवा जावी बिल्कुल बंद हो जाती है। रात के समय वाहन चालकों का सड़कों से गुजरना किसी खतरे से खाली नही होता। इस बारे रामदिया, रामफल, बीरभान, रामकुमार, पवन, डा श्याम राणा ने बताया कि रात के समय सभी गोवंश व आवारा पशु सड़कों के बीचों बीच बैठे होते हैं और सामने से आने वाले वाहन चालकों को दिखाई ही नहीं देते जिससे कई बार दुर्घटना का भी अंदेशा बना रहता है। सड़कों व गलियों में घूम रहे आवारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए प्रशासन को भी अवगत करवाया गया लेकिन इस ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा। सड़क के बीचोंबीच बैठे गोवंश व अन्य आवारा पशु से वाहन चालक तो क्या पैदल चलने वाले लोगों के लिए भी रास्ता नहीं बचता। जब इन पशुओं को रास्ते से हटाने का प्रयास किया जाता है तो वह मारने को आते हैं।जिस से पीछा छुड़ाना भी कई बार मुश्किल हो जाता है।इन लोगों ने कहा कि उन लोगों की विशेष तौर पर पहचान होनी चाहिए जो इन पशुओं को सड़कों पर खुला छोड़ जाते हैं। प्रशासन को उनके विरुद्ध कार्यवाही करनी चाहिए। लोगों ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि सड़कों पर घूम रहे गो वंश व आवारा पशुओं पर रोक लगाई जाए।

# दंपत्ति के कब्जे से 27.64 ग्राम स्मैक बरामद की

- सीआईए सफीदों ने संयुक्त बल के साथ मारा छापा, पूछताछ जारी

हभिूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव आफताबगढ़ में बुधवार को सफीदों पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर दंपत्ति के कब्जे से 27.64 ग्राम स्मैक बरामद की है। सदर थाना सफीदों पुलिस ने पकड़े गए दंपत्ति के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ सफीदों को सूचना मिली थी कि गांव आफताबगढ़ निवासी सुरेश अपनी पत्नी के साथ नशीले पदार्थों का धंधा करता है। सूचना के आधार पर सदर थाना, शहर थाना तथा सीआईए सफीदों की संयुक्त टीम का गठन किया गया। घर को पुलिस बल घिरा देख दंपत्ति ने निकलने की कोशिश की तो पुलिस ने उन्हें काबू कर लिया। जब सुरेश की तलाशी ली तो उसके कब्जे से 27.52 ग्राम o महिला पुलिसकर्मियों ने उसकी पत्नी निरमा देवी की तलाशी ली तो कब्जे 11.12 ग्राम स्मैक बरामद हुई। सदर थाना सफीदों पुलिस ने पकड़े गए दंपत्ति के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत केस दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।



कलायत। डॉ प्रीतम कौलेखा के आवास पर मौजूद कैबिनेट मंत्री कृष्ण पंवार और पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा। फोटो :हरिभूमि

### प्रीतम कौलेखां आज भाजपा का दामन थामेंगे

**कलायत।** प्रदेश के पंचायत मंत्री कृष्ण पंवार कलायत नगर पालिका प्रधान चुनाव जनसंपर्क अभियान के तहत एक तीर से कई निशाने साथ गए। उन्होंने पहले कलायत स्थित श्री रैदास तख्त पर भाजपा प्रत्याशी मैनपाल राणा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। उपरांत उन्होंने पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा और कार्यकर्ताओं के साथ जजपा को अलविदा करने वाले डॉ प्रीतम कौलेखां के आवास पर दस्तक दी। इस दौरान उन्होंने प्रीतम कौलेखां को भाजपा में आने का प्रस्ताव रखा। काफी देर चली मंत्रणा के बाद उन्होंने सहमति की मोहर लगा दी। प्रीतम कौलेखां अब 27 फरवरी को कलायत में प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की चुनावी जनसभा के दौरान भाजपा का दामन थामेंगे। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने निकाय चुनाव में सभी वर्गों से समीकरण साधने को पार्टी नेताओं को फील्ड में उतारा है। पार्टी की इस चुनावी रणनीति से भाजपा प्रत्याशी को कितना बल मिल पाता है यह आने वाला वक्त बताएगा।

# चुनावों के चलते 27 और 28 फरवरी को अदालतों में कामकाज ठप रहेगा

- जिला बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए मतदान 28 फरवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला बार एसोसिएशन के चुनावों के चलते 27 और 28 फरवरी को अदालतों में कामकाज ठप रहेगा। इस चुनाव के लिए मतदान 28 फरवरी को होना है। इस बारे में एसोसिएशन के प्रधान बलजिंदर सिंह मलिक की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक हुई। बलजिंदर सिंह मलिक ने बताया कि वकीलों डिमांड और चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के चुनाव प्रचार करने को लेकर कार्यकारिणी ने यह फैसला लिया है कि 27 और 28 फरवरी को अदालतों में वर्क सस्पेंड रखा जाए ताकि चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार सही प्रकार से चुनाव प्रचार कर सकें। उन्होंने अन्य वकीलों से भी सहयोग की अपील की है। प्रधान ने सभी न्यायाधीशों से भी अनुरोध किया है कि 2 दिन के वर्क सस्पेंड में वकीलों को सहयोग करें और कोई भी एडवर्स ऑर्डर पास न करें। इधर तीन पदों प्रधान, उप प्रधान और सचिव पर चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार जोरशोर से चुनाव प्रचार में जुटे हैं। सभी अपनी अपनी जीत के प्रति आश्वस्त हैं। सहसचिव पद पर अमित रोहिला और कोषाध्यक्ष पद पर दिनेश कुमार भाटिया के विरोध में किसी अन्य उम्मीदवार के नामांकन नहीं किया, इसलिए उन्हें निर्विरोध चुन लिया गया है।



बलजिंद्र सिंह मलिक।

**सुविधा** कैथल के यात्री बाबा खाटू श्याम तक की यात्रा कर सकेंगे

# कैथल : अजमेर में मदार के लिए 9 से 12 मार्च तक स्पेशल ट्रेन चलेगी

स्पेशल ट्रेन कुरुक्षेत्र से वाया कैथल व जींद, रोहतक, झज्जर और रिंगस होकर गुजरेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के भाजपा सांसद नवीन जिंदल के प्रयासों से रेलवे की ओर से अजमेर में मदार के लिए स्पेशल ट्रेन शुरू की जाएगी। इस ट्रेन का संचालन आगामी नौ से 12 मार्च तक किया जाएगा। वहीं, यह स्पेशल ट्रेन कुरुक्षेत्र से वाया कैथल व जींद, रोहतक, झज्जर और रिंगस होकर गुजरेगी। इससे इस ट्रेन के माध्यम से कैथल के यात्री बाबा खाटू श्याम तक की यात्रा कर सकेंगे। वहीं, इस ट्रेन के चलने से कैथल के लोगों को राजस्थान जाने में आसानी होगी। कई दिनों पहले ही रेल यात्री कल्याण समिति की ओर एक दिन का धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें सांसद से मेला के लिए स्पेशल ट्रेन को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था। गौरतलब है कि इस समय कैथल से तीन पैसेंजर व एक एक्सप्रेस व डेमू ट्रेन का संचालन रेलवे की ओर से किया जा रहा है। कैथल से फिलहाल खाटू श्याम जाने के लिए कोई सीधी ट्रेन नहीं है। राजस्थान के अजमेर के ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह व खाटू श्याम पर फाल्गुन माह में लगने वाले मेले में हजारों भक्त जाते है। यह ट्रेन गाड़ी संख्या 09727 नौ मार्च को अजमेर मदार से सुबह नौ बजकर 20 मिनट पर चलाकर शुरू किया जाएगा। यह कैथल रेलवे स्टेशन पर शाम छह बजकर चार मिनट पर पहुंचेगी और रात को सात बजकर 40 मिनट पर कुरुक्षेत्र जंक्शन पर पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में यही ट्रेन 09728 रात 10 बजे कैथल स्टेशन पर अजमेर जाने के लिए आएगी, जो अगले दिन सुबह आठ बजे पहुंचेगी। इस ट्रेन में 18 कोच होंगे। जिसमें 16 साधारण श्रेणी एवं दो कोच गार्ड श्रेणी के होगें।

### पत्र मिला: स्टेशन अधीक्षक

कैथल रेलवे स्टेशन अधीक्षक नरेंद्र शर्मा ने बताया कि उन्हें उत्तर रेलवे की ओर से एक पत्र मिला है। इसमें अजमेर में मदार के लिए स्पेशल ट्रेन शुरू करने की जानकारी मिली है। यह ट्रेन आगामी 09 से 12 मार्च तक संचालन किया जाएगा। यह ट्रेन वाया रिंगस होकर गुजरेगी। ऐसे में कैथल से बाबा खाटू श्याम जाने वाले लोग इस ट्रेन के माध्यम से खाटू धाम तक की यात्रा कर पाएंगे।

# जींद से प्रयागराज के लिए चलने वाली स्पेशल बस बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद से प्रयागराज के लिए चली स्पेशल बस बंद हो गई है। 20 दिन तक चली स्पेशल बस यात्रियों को खूब रास आई। इस दौरान एक हजार से अधिक यात्रियों ने बस में सफर किया। जिससे डिपो को भी खूब राजस्व प्राप्त हुआ। एक रूटेशन में बस 75 से 80 हजार रुपये का कैश जमा करवाती थी। इस प्रकार 20 दिन में डिपो ने इस रूट पर लगभग आठ लाख रुपये का राजस्व बटौरा। जींद से प्रयागराज के लिए स्पेशल बस पांच फरवरी को शुरू की गई थी। पहले दिन बस को रोडवेज महाप्रबंधक राहुल जैन और डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के प्रतिनिधि राजन चिलाना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लंबा सफर होने की वजह से बस में दो चालकों की ड्यूटी लगाई गई थी। जींद से दोपहर 12 बजे प्रयागराज के लिए बस रवाना होती थी जो अगले दिन सुबह पांच बजे बस प्रयागराज पहुंचती थी। फि र दोपहर बाद लगभग साढ़े चार बजे बस प्रयागराज से जींद के लिए रवाना होती थीए जो सुबह साढ़े नौ बजे तक जींद पहुंचती थी। बस का रूट जींद से चलकर दिल्ली, मथुरा, आगरा, इटावा और कानपुर होते प्रयागराज जाने के लिए निर्धारित किया गया था।

स्पेशल: वर्ल्ड ओबेसिटी-डे, 4 मार्च

# बढ़ते वजन के साथ बढ़ती हैं अनेक बीमारियों की आशंका

डॉक्टर एडवाइस
डॉ. प्रतीक पोरवाल
जी.आई. सर्जन
कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर



पूरी दुनिया में ओवरवेट होना यानी मोटापा, एक बड़ी हेल्थ प्रॉब्लम बन कर उभर रहा है। मोटापे की समस्या किसी भी व्यक्ति को रातों-रात यानी अचानक उत्पन्न नहीं होती है। लंबे समय तक गलत जीवनशैली और अस्वास्थ्यकर खान-पान, मोटापे की समस्या उत्पन्न करते हैं। यह स्थिति कई अन्य बीमारियों की वजह बनती है। इस बारे में जानना सभी के लिए जरूरी है

आमतौर पर मोटापा वह शारीरिक स्थिति है, जिसमें व्यक्ति के शरीर में वसा की मात्रा बढ़ जाती है। जब किसी व्यक्ति की लंबाई के अनुपात में उसका वजन एक निश्चित मानक सीमा से अधिक हो जाता है तो उसे मोटापे की स्थिति कहा जाता है।

## क्या है मॉर्बिड ओबेसिटी

मॉर्बिड ओबेसिटी या रुग्ण रोगिष्ठ मोटापा एक ऐसी स्थिति है, जहां किसी व्यक्ति के शरीर में अत्यधिक मात्रा में वसा संचित होती है, जो उसके स्वास्थ्य पर अत्यंत प्रतिकूल प्रभाव डालती है। ऐसा मोटापा गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। इसे आमतौर पर 40 या उससे अधिक के बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) द्वारा परिभाषित किया जाता है।

## मोटापा और बीएमआई

मोटापे के आकलन की सबसे प्रमुख विधि बॉडी मास इंडेक्स संक्षेप में बीएमआई है। कमर की माप से भी मोटापे का अंदाजा लगाया जा सकता है, लेकिन मान्य और प्रचलित विधि बीएमआई ही है। बीएमआई की गणना के लिए पहले किसी व्यक्ति के वजन को किलोग्राम में मापा जाता है और फिर उसे उसकी लंबाई के मीटर वर्ग से विभाजित किया जाता है।

## मॉर्बिड ओबेसिटी के लक्षण

- थोड़ा शारीरिक श्रम करने पर सांस फूलने लगती है। बैठने और चलने-फिरने में दिक्कत महसूस करना।
- जोड़ों और कमर में दर्द की समस्या के मामले ऐसे लोगों में ज्यादा होते हैं।
- जरा सा भी शारीरिक श्रम करने पर थकान महसूस करना।
- सोते समय खर्राटे लेना और रात में अचानक घबराहट होने पर उठ जाना (स्लीप एपनिया)।



## ओबेसिटी के कारण

**व्यायाम न करना:** जो लोग नियमित रूप से व्यायाम नहीं करते या कम शारीरिक श्रम करते हैं, उनके मोटे होने की संभावना बढ़ जाती है। मोटापे के अधिकांश मामलों में एक व्यक्ति जितनी कैलोरी बर्न करता है, उससे बहुत अधिक कैलोरी ग्रहण करता है। शरीर द्वारा इस्तेमाल न की जाने वाली कैलोरी वसा के रूप में संचित हो जाती है।

**जंक फूड्स:** लगभग हर दिन अत्यधिक चिकनाई युक्त आहार ग्रहण करना या फिर अक्सर जंक फूड्स लेना मोटापे से ग्रस्त कर देता है। इसके अतिरिक्त जो लोग अपने खान-पान में फलों और सब्जियों को वरीयता नहीं देते हैं, वे भी मोटापे से ग्रस्त हो सकते हैं।

**मानसिक तनाव:** कालांतर में यह नकारात्मक मानसिक अवस्था भी मोटापे का कारण बन सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि तनाव से शरीर में हार्मोन असंतुलित हो जाते हैं। हार्मोंस के असंतुलन की स्थिति से मोटापा बढ़ सकता है।

**वंशानुगत कारण:** इनसे भी मोटापा बढ़ सकता है। जैसे अगर मां-बाप अपने जीवन काल में मोटापे की समस्या से ग्रस्त हैं तो उनकी संतानों में भी मोटापा बढ़ना संभव है।

**थायरॉइड ग्रंथि के विकार:** इस ग्रंथि के असंतुलन या विकार से भी मोटापा बढ़ने की संभावना रहती है।

## मोटापे से होने वाली समस्याएं

जो लोग अत्यधिक मोटापे से ग्रस्त हैं, उनमें इन स्वास्थ्य समस्याओं के होने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं। जैसे- उच्च रक्त चाप, हृदय की बीमारियां, डायबिटीज टाइप 2, स्ट्रोक, अर्थराइटिस, सोते समय खर्राटे भरना या स्लीप एपीनिया, मोटापे से ग्रस्त लोगों में आंतों और स्तन कैंसर होने के मामले कहीं ज्यादा हो सकते हैं। गर्भवती महिलाओं में अत्यधिक वजन के बढ़ने से उनके गर्भस्थ शिशु को भी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसके अलावा जो लोग पहले से ही उपरोक्त बीमारियों से ग्रस्त हैं, उन्हें अपने वजन नियंत्रण पर डॉक्टर से परामर्श लेकर विशेष ध्यान देना चाहिए, तभी वे उपरोक्त समस्याओं को नियंत्रित कर सकते हैं।

**मनोवैज्ञानिक समस्याएं:** जो नवयुवक या नवयुवतियां अत्यधिक मोटापे से ग्रस्त हैं, उनके अंदर कुछ मनोवैज्ञानिक समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। जैसे वे शारीरिक रूप से हीनता ग्रंथि के शिकार हो सकते हैं। उन्हें लोगों से मिलने-जुलने में अच्छा महसूस नहीं होता।

**इनफर्टिलिटी:** मोटापा और बांझपन (इनफर्टिलिटी) के बीच एक गहरा संबंध है। अधिक वजन और मोटापा महिलाओं और पुरुषों दोनों में प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर सकते हैं।

## ऐसे करें वेट कंट्रोल

पहली बात तो यह समझ लें कि मोटापे को किसी भी दवा या किसी मेडिकल चमत्कार से चंद घंटों या दिनों में दूर नहीं किया जा सकता। मोटापे को नियंत्रित करने के संदर्भ में किसी भी व्यक्ति की उम्र, शारीरिक स्थिति और उसकी मेडिकल कंडीशन के बारे में जानना आवश्यक है।

**कब लें डॉक्टर से परामर्श:** जिन लोगों का वजन बीएमआई के मानकों से परे जाकर बढ़ता जा रहा है या जो लोग पहले से ही मोटापे से ग्रस्त हैं, उन्हें अपने डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। डॉक्टर आपको अपनी जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन करने और स्वास्थ्यकर खान-पान के संदर्भ में समुचित जानकारी देंगे। इस संदर्भ में डॉक्टर आप से कुछ सवाल भी पूछ सकते हैं। जैसे आप डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर अन्य किसी रोग से पीड़ित तो नहीं हैं, फिलहाल आप क्या दवाएं ले रहे हैं, शराब या धूम्रपान के तलबगार तो नहीं हैं। आप व्यायाम या शारीरिक गतिविधियों में भाग लेते हैं या नहीं। इसके अलावा डॉक्टर आपकी बीएमआई भी चेक कर सकते हैं और अगर आपको कोई बीमारी है तो उससे संबंधित जांच भी करवा सकते हैं। डॉक्टर आपको डायटिशियन के पास भी रेफर कर सकते हैं और इस संदर्भ में व्यायाम या योगासन के लिए किसी विशेषज्ञ को भी रेफर कर सकते हैं। अत्यधिक मोटापाग्रस्त होने की स्थिति में वे आपको बैरियाट्रिक सर्जन से परामर्श लेने की भी राय भी दे सकते हैं।

## तब करवाएं बैरियाट्रिक सर्जरी



बैरियाट्रिक सर्जरी एक प्रकार की सर्जरी है, जिसका उद्देश्य अत्यधिक मोटापे का इलाज करना है। यह सर्जरी विशेष रूप से उन व्यक्तियों के लिए होती है, जिनका बीएमआई 40 या उससे अधिक होता है, या जिनका बीएमआई 35-39.9 होता है और उन्हें मोटापे से संबंधित गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं, जैसे कि डायबिटीज, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप आदि। इसके अलावा यदि किसी व्यक्ति ने आहार और व्यायाम के माध्यम से वजन घटाने की कोशिश की है, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली, तो बैरियाट्रिक सर्जरी का विकल्प दिया जा सकता है।

## ऐसे निर्धारित करते हैं मोटापा

**यदि किसी** व्यक्ति का बीएमआई 18.5 या उससे नीचे है, तो इसका आशय है कि उसका वजन सामान्य से कम है, वह



अंडरवेट है। ऐसा व्यक्ति कुपोषण का शिकार हो सकता है। किसी व्यक्ति का बीएमआई 18.5 से 24.9 के मध्य है तो उसका वजन सामान्य है, जिसे नॉर्मल वेट कहते हैं। अगर किसी व्यक्ति का बीएमआई 25 से 28 के मध्य है, तो उसका वजन अधिक है, उसे ओवरवेट कहा जाता है। बीएमआई 28 से 30 के मध्य है तो उसे ग्रेड-1 मोटापे की श्रेणी में रखा जाता है। अगर बीएमआई 31 से 40 के मध्य है तो उसे ग्रेड-2 मोटापा माना जाता है। अगर बीएमआई 40 से अधिक है तो उसे अत्यधिक गंभीर मोटापा (रुग्ण रोगिष्ठ मोटापा) माना जाता है।

आमतौर पर पुरुषों में 94 सेमी. या फिर इससे अधिक और महिलाओं में 80 सेमी. या इससे अधिक कमर की माप को स्वास्थ्य के प्रतिकूल माना जाता है।

## वेट कंट्रोल का डाइट प्लान

मोटापे को नियंत्रित करने में खान-पान का व्यायाम की तुलना में कहीं ज्यादा महत्व है। मोटापे को कम करने में 90% स्वास्थ्यकर खान-पान और 10% वर्कआउट व्यायाम की स्थिति आदर्श मानी जाती है। वजन को नियंत्रित करने के लिए कई डाइट प्लान हैं, जिन पर अपने डॉक्टर या डाइटिशियन से परामर्श लेकर ही अमल करना चाहिए। जैसे पैलियो डाइट प्लान। इसके अंतर्गत आहार में टमाटर, प्याज, लहसुन और गाजर को शामिल किया जाता है। इसके अलावा फलों, नट्स, मछली, फलियां, अनाज और डेयरी उत्पादों को भी शामिल किया जाता है।

डाइटिंग के नाम पर अपनी भूख मारना या कम से कम खाना अपने शरीर के साथ अत्याचार करने जैसा है। अनेक ऐसे लोग हैं जिनके दिमाग में यह गलत धारणा बैठ चुकी है कि मोटापे को कम करने के लिए डाइटिंग एक सशक्त माध्यम है, जबकि सच्चाई इसके विपरीत है। याद रखें, डाइटिंग से मोटापा कम नहीं होता।

## मोटापा और दवाएं

इस संदर्भ में महत्वपूर्ण बात यह है कि मोटापा कम करने वाली दवाओं का सेवन अपने डॉक्टर या डाइटिशियन से परामर्श लिए बगैर नहीं करना चाहिए। मॉर्बिड ओबेसिटी को नियंत्रण करने में दवाओं का एक सीमित योगदान है।

वजन घटाने की दवाएं विशेष रूप से उन लोगों के लिए होती हैं, जो आहार और व्यायाम के साथ भी वजन कम करने में सफल नहीं हो पाते। ये दवाइयां डॉक्टर की निगरानी में ली जाती हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि ऐसी दवाओं के साइड और आफ्टर इफेक्ट भी होते हैं। इन दवाओं का उद्देश्य शरीर में वसा को जलाना या बर्न करना, भूख को कम करना और शरीर के ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाना होता है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

## इन बातों पर दें ध्यान

**वजन नियंत्रण** के लिए आपको अपनी जीवनशैली में लगातार सकारात्मक परिवर्तन करने होंगे। जैसे अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार नियमित रूप से व्यायाम करना, खान-पान में मौसमी फलों और हरी सब्जियों को वरीयता देना आदि। इसके अलावा इन सुझावों पर भी अमल करना लाभप्रद रहेगा।

- डॉक्टर या डायटिशियन से परामर्श लेकर अपनी शारीरिक स्थिति और मेडिकल कंडीशन के अनुसार खान-पान का एक चार्ट बनवा लें और फिर उस पर अमल करें।



- नियमित रूप से व्यायाम करें, लेकिन इस संदर्भ में याद रखें कि प्रत्येक व्यक्ति की उम्र और उसकी मेडिकल कंडीशन के अनुसार ही व्यायाम और उसका समय निर्धारित किया जाता है। इसलिए इस संदर्भ में फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श लें।
- जीवन के प्रति सकारात्मक सोच रखें और तनाव को स्वयं पर हावी न होने दें। ऐसा इसलिए क्योंकि तनाव से भी मोटापा या वजन बढ़ सकता है। तनाव से शरीर में हार्मोन संबंधी असंतुलन उत्पन्न होता है, जिसके कारण कालांतर में मोटापा बढ़ सकता है। तनाव को नियंत्रित करने के लिए मेडिटेशन करें।
- अत्यधिक चिकनाईयुक्त खाद्य पदार्थों से परहेज करें।
- खाद्य पदार्थों में ऊपर से नमक न छिड़कें। नमक का कम से कम सेवन करना लाभप्रद है।
- खाना खाते समय टीवी न देखें।

---

घरेलू औषधि

# बहुत लाभकारी है जैतून नमक



आमतौर पर लोग साधारण नमक, काला नमक और सेंधा नमक के बारे में तो जानते हैं। लेकिन एक अन्य लाभकारी नमक जैतून नमक के बारे में कम ही लोग जानते हैं। यह एक विशेष नमक है, जो कई रोगों के उपचार में कारगर है।

**क्या होता है जैतून नमक:** इस नमक को बनाने के लिए साधारण नमक को जैतून के साथ मिलाकर एक निश्चित विधि से तैयार किया जाता है। इसके लिए पूरे पके हुए जैतून को मोटे नमक (डली वाला साधारण नमक) के साथ मिलाकर ढंक कर लगभग दो महीने के लिए रख दिया जाता है। निर्धारित समय के बाद उस नमक में विशेष गुणों का समावेश प्राकृतिक रूप से होता है। जिससे एक औषधि बन जाती है, जो कई स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों में लाभकारी होता है। इसमें मिलने वाले प्रमुख तत्व हैं- विटामिन ई, लोहा, तांबा और कैल्शियम आदि। जैतून नमक की तासीर ठंडी होने के कारण सर्दियों में इसका सेवन कम करना चाहिए।

**इन रोगों में कारगर:** जैतून नमक को कई रोगों के उपचार में उपयोग किया जा सकता है।

- इसका प्रयोग शरीर के बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है।
- पेट संबंधी अजीर्ण, गैस, अपच, भूख न लगना या कम लगना आदि समस्याओं में यह हितकर है।
- डायबिटीज (रक्तशर्करा) और उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) के उपचार में जैतून नमक का सेवन उपयोगी है।
- यह शारीरिक क्षमता में बढ़ोत्तरी करता है।
- हृदय को स्वस्थ रखने के लिए यह लाभकारी है।
- कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करता है।
- बढ़ते वजन से परेशान लोगों का वजन कम करने में मददगार है।
- यकृत (लिवर) को स्वस्थ बनाने में सहायक है।
- किडनी की समस्या में इसका सेवन लाभकारी है।
- बढ़ती आयु में हड्डियों को स्वस्थ रखने में इसका सेवन मददगार है।

कुछ लोगों को जैतून से एलर्जी होती है, उन्हें इसका सेवन नहीं करना चाहिए। इसकी कितनी मात्रा कैसे लेनी है, इसका निर्धारण स्वयं न करें, विशेषज्ञ से सलाह के आधार पर करें।

यहां बताए गए उक्त सभी उपाय-उपचार सामान्य हैं। प्रयोग करने से पहले अपने वैद्यजी या आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह अवश्य करें। *

-वैद्य हरिकृष्ण पांडे 'हरीश'

---

मेडिकल रिसर्च
माहिया

कुछ समय पहले खबरें आईं कि रूस के वैज्ञानिकों ने कैंसर ट्रीटमेंट के लिए वैक्सीन बनाने में सफलता हासिल कर ली है। क्या है यह वैक्सीन, कैसे करेगी यह वर्क और इससे कितना प्रभावी होगा ट्रीटमेंट, आप जरूर जानना चाहेंगे।

# बना ली गई कैंसर वैक्सीन कितना प्रभावी होगा इलाज

हाल में रूस ने घोषणा की है कि उनके वैज्ञानिकों ने कैंसर की रोकथाम के लिए एक नई एमआरएनए-आधारित वैक्सीन विकसित की है, जो जल्द ही रोगियों को मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी। गमालेया नेशनल रिसर्च सेंटर फॉर एपिडेमोलोजी एंड माइक्रोबायोलॉजी के निदेशक एलेक्जेंडर गिंट्सबर्ग का कहना है कि इस वैक्सीन के क्लिनिकल ट्रायल्स से मालूम हुआ है कि यह रसौली को बढ़ने से रोकती है और उसके आशंकित रूप-परिवर्तन को भी। एमआरएनए या मैसेंजर आरएनए वैक्सीन, वह जेनेटिक सूचना उपलब्ध कराती है, जो शरीर की कोशिकाओं को एंटीजन (प्रोटीन या अन्य पदार्थ जो इम्यून या प्रतिरोधात्मक प्रतिक्रिया आरंभ करते हैं) के विरुद्ध इम्यून सिस्टम को एंटीबॉडीज उत्पादन के लिए प्रेरित करता है। जब ये एंटीजन, कैंसर कोशिकाओं पर पहचान लिए जाते हैं तो इम्यून सिस्टम उनके खिलाफ हमला शुरू कर देता है।

**ऐसे करेगी एक्शन:** एमआरएनए कैंसर वैक्सीन, इम्युनोथेरेपी का एक रूप है। कैंसर कोशिकाएं अक्सर ऐसा तरीका विकसित कर लेती हैं कि वो एंटीबॉडीज द्वारा पहचान में आने से बच जाएं। फलस्वरूप इम्यून सिस्टम (शरीर की प्रतिरोधात्मक क्षमता) उन्हें नष्ट नहीं कर पाता। इस बचाव के तरीके को अब समझ लिया गया है। अब प्लानिंग यह है वैक्सीन के जरिए शरीर की प्रतिरोधात्मक क्षमता को इस प्रकार मजबूत कर दिया जाए कि वह कैंसर कोशिकाओं को तलाश करके उन्हें नष्ट कर दे और उनको फैलने से रोके। इस उपचार का लाभ यह है कि कीमोथेरपी के विपरीत इसमें अन्य कोशिकाओं के बजाय केवल कैंसर कोशिकाओं को ही नष्ट किया जाता है, नतीजतन ट्रीटमेंट के साइड-इफेक्ट्स कम हो जाते हैं। वैक्सीन के अतिरिक्त भी इम्युनोथेरेपी के अन्य अनेक तरीके हैं। जैसे कार टी सेल थेरेपी, इम्यून चेकपॉइंट इन्हिबिटर्स आदि।

**अन्य वैक्सीन से है अलग:** अन्य वैक्सीनों की तरह एमआरएनए कैंसर वैक्सीन, रोग को रोकने के लिए स्वस्थ व्यक्तियों के लिए नहीं है कि टीकाकरण करा लिया और रोग होगा ही नहीं। इन्हें उन रोगियों पर इस्तेमाल किया जाता है, जिन्हें पहले से ही कैंसर है ताकि रसौली को निशाना बनाकर उसका उपचार किया जा सके। यह उपचार विधि इस तरह से तैयार की गई है कि हर रोगी की रसौली में जो विशिष्ट एंटीजन होते हैं, उन्हें निशाना बनाया जाए, जिससे यह वैक्सीन व्यक्तिगत हो जाती है और अधिक प्रभावी भी। कैंसर एमआरएनए वैक्सीन को इस तरह से भी डिजाइन किया जा सकता है कि अनेक प्रकार के एंटीजन को निशाना बनाया जा सके।

**कैंसर का करेगा ट्रीटमेंट:** कई डॉक्टरों का कहना है कि कैंसर की रोकथाम के लिए 'वैक्सीन' शब्द का प्रयोग करना भ्रामक है, क्योंकि संक्रमित रोगों की तरह कैंसर आमतौर से किसी एक कीटाणु से नहीं फैलता है। जहां तक कैंसर के रोकथाम की बात है तो ह्यूमन पपील्लोमावायरस (एचपीवी) वैक्सीन से सर्वाइकल कैंसर को होने से रोका जा सकता है, क्योंकि इस सिलसिले में 90 प्रतिशत से अधिक केस इस वायरस के कारण होते हैं। लेकिन डॉक्टर्स इस बात पर बल देते हैं, 'रोगियों को यह समझना चाहिए कि इम्युनोथेरेपी उपचार से कैंसर को होने से नहीं रोका जा सकता। यह रोग होने के बाद का इलाज है।' *



---

डॉक्टर सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब नींद के लिए लेनी पड़े दवा

**मेरी उम्र 66 वर्ष है। मुझे अक्सर रात को नींद नहीं आती। पिछले कुछ समय से मैं नींद की गोलियां ले रहा हूं। इससे रात को नींद तो अच्छी आती है, लेकिन पूरे दिन सुस्ती बनी रहती है। समझ नहीं आता, क्या करूं? कृपया उचित मार्गदर्शन करें।**

**-वीरपाल, महेंद्रगढ़**

नींद की दवा खाकर सोना, यह अच्छी बात नहीं है। सबसे पहले आप कोशिश करें कि नींद की दवा लेना बंद करें और इसके बगैर कैसे नींद आए, इसका रास्ता खोजें। इसके लिए सबसे जरूरी है कि नींद न आने की वजह ढूंढ़ने की, यानी किस वजह से नींद नहीं आती है? यह समस्या आपको कब से है यानी इस बीच में ऐसा क्या हुआ है, जो बात बार-बार आपके मन में आती है, जिससे नींद नहीं आ रही हो। अगर आप स्वयं से ऐसा न कर पाएं तो जरूर आपको एक बार मनोरोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए, लेकिन नींद की दवा आपको लेना बिल्कुल बंद कर देना चाहिए।



**मेरी उम्र 38 वर्ष है। जब भी मैं कुछ दूर पैदल चलता हूं, मेरे पैरों में सूजन आ जाती है। रेस्ट करने पर यह सूजन अपने-आप ही ठीक हो जाती है। ऐसा क्यों होता है? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-अभिनव, दुर्ग**

पैरों में सूजन दो कारणों से होती है, पहले मसल्स का वीक होना और दूसरा डायबिटीज। आप पहले जनरल फिजिशियन से संपर्क करें, वो आपकी शुगर और कुछ अन्य जांच कराएंगे, जिससे पता चलेगा कि आपको किस वजह से सूजन आ रही है? इसके बाद उसका उपचार होगा। फिलहाल, बगैर डॉक्टर से कंसल्ट किए कोई भी दवा आप ना खाएं। ज्यादा दिक्कत होने पर आप सिंकाई कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मेरे फेस पर बहुत अधिक झाइयां हो रही हैं। कई तरह की क्रीम और दवाइयां लेने के बाद भी यह ठीक नहीं हो रही। मेरी इस प्रॉब्लम का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-सुकेश, रायपुर**

अभी आप की उम्र अधिक नहीं है इसलिए आपको दवा खाने की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए। दवा के अधिक सेवन से आपको अभी भले ही आराम मिल जाए, लेकिन आगे और परेशानी बढ़ सकती है। सबसे पहले आप अपनी तरफ से इस्तेमाल की जाने वाली दवाइयां बंद करें और एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। वो इसका कारण बताएंगे और उसका ट्रीटमेंट भी। लेकिन आप अभी पानी अधिक से अधिक पिएं। शरीर में पानी की कमी न होने दें। कई बार यह भी त्वचा रोग का कारण बन जाता है।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। तीन हफ्ते पहले बाथरूम में पैर स्लिप करने की वजह से मेरी कमर में चोट आई थी। अभी भी कमर में चोट वाली जगह पर रह-रहकर दर्द होता रहता है। ऐसे में क्या करूं, जिससे मुझे कमर दर्द से राहत मिले?**

**-अर्णव, बिलासपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको स्पाइन में चोट लगी है, जिसमें किसी तरह की फ्रेक्चर नहीं हुआ होगा। इस तरह की चोट में थोड़ा लंबे समय तक दर्द रहता है। कोशिश करें कि आप झुकने वाले काम बिल्कुल न करें, वजन न उठाएं। सोने के लिए हार्ड बेड का इस्तेमाल करें। अगर अधिक दर्द हो रहा है तो जरूर आपको एक बार हड्डी रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए, क्योंकि दर्द हो रहा है इसलिए किसी तरह की एक्सरसाइज भी न करें।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। अक्सर खड़े होने पर मेरे पैरों में थरथराहट शुरू हो जाती है, जिसकी वजह से चलते वक्त लड़खड़ाने लगता हूं। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-कौशल किशोर, भोपाल**

इस बात पर ध्यान दें कि आपका वजन अधिक तो नहीं है? कई बार वजन अधिक होने पर इस तरह की समस्याएं बढ़ती उम्र में देखी जाती हैं। लेकिन एक बार आप मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ संपर्क से कर लें, क्योंकि इस तरह की समस्याएं न्यूरो से जुड़ी भी हो सकती हैं। ऐसे में बगैर जांच किए कुछ भी कहना मुश्किल है। लेकिन आप जैसा बता रहे हैं, तो ज्यादा चलने की कोशिश न करें। गिर सकते हैं और चोट लग सकती है। *

प्रस्तुति: रिचा पांडे

## खबर संक्षेप

### विधायक का धन्यवादी दौरा 28 फरवरी को

**जींद।** उचाना भाजपा विधायक देवेंद्र चरतभुज अत्री 28 फरवरी को उचाना हलके में धन्यवादी दौरे की शुरूआत डूमरखा खुर्द गांव से करेंगे। इस दिन डूमरखा कलां, झील, डाहोनाखेड़ा, मंगलपुर, सुरबरा, नचार खेड़ा, दुर्जनपुर, उदयपुर, काकड़ोद, बुडायन, भौंगरा एवं खापड़ गांव के दौरे करेंगे।

### महिला महाविद्यालय में सेमिनार का आयोजन

**जींद।** सनातन धर्म कन्या कालेज उचाना मंडी में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के तत्वाधान में वित्तीय साक्षरता मिशन कार्यक्रम का आयोजन किया। अध्यक्षता संस्था निदेशक विनोद वशिष्ठ ने की। आरबीआई से एलडीओ गुरविंद्र सिंह, जींद से एलडीएम अनुपम, क्रिस्टल फाउंडेशन से मैनेजर भारत भूषण, पीएनबी बैंक की मैनेजर अजीत उपस्थित रहे। सेमिनार का विषय वित्तीय समझदारी समृद्ध नारी रहा।

### रिटायर्ड कर्मियों ने मांगों को लेकर मंथन किया

**नरवाना।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ खंड नरवाना की बैठक प्रधान मास्टर बलजीत सिंह की अध्यक्षता में शहीद भगतसिंह अध्ययन केंद्र में हुई। जिसका संचालन सचिव माण होशियार सिंह ने किया। बैठक में निर्णयों की जानकारी देते बलजीत सिंह ने बताया कि मार्च मास में रिटायर्ड कर्मचारी संघ की सदस्यता का अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए चार.चार सदस्यों की दो टीमों का गठन किया गया है।

### तीन स्थानों से इन्वर्टर बैट्री चोरी, मामले दर्ज

**जींद।** जिले में चोरों ने बीती रात अलग-अलग तीन स्थानों पर ताले तोड़ कर इन्वर्टर, बैटरियों समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव खरल निवासी सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसकी दुकान को ताला तोड़ इन्वर्टर तथा बैटरी को चोरी कर लिया। वहीं गांव शाहपुर निवासी सज्जन ने पुलिस को शिकायत दी है।

### एलटीसी का लाभ न मिलने पर जताया रोष

**जींद।** एलटीसी का लाभ देने के लिए सरकार द्वारा निर्धारित की गई अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2024 के दो महीने बीत जाने के उपरांत भी एलटीसी का लाभ न मिलने पर स्वास्थ्य कर्मचारियों में भारी रोष है। बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन के जिला प्रधान प्रदीप लाठर ने बताया कि प्रशासन को बार-बार पत्र लिखने के बावजूद अभी भी सैंकडों स्वास्थ्यकर्मी बजट के अभाव व वितत विभाग द्वारा पोर्टल बंद करने के कारण एलटीसी के लाभ से वचिंत हैं।

### मारपीट में एक युवक घायल, शिकायत दर्ज

**कैथल।** कैथल के पाडला रोड ड्रेन के निकट हुई मारपीट में एक युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव छौत के रोहित ने शहर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 24 फरवरी को शाम के समय जब वह पाडला रोड ड्रेन के निकट से गुजर रहा था तो 4 व्यक्तियों ने उसके साथ मारपीट करते उसे घायल कर दिया।

### युवती का पीछा कर किया ब्लैकमेल, केस

**कैथल।** सदर पुलिस कैथल द्वारा युवती का पीछा कर ब्लैकमेल करने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस बार में सदर पुलिस का कैथल के तहत आने वाले गांव की युवती ने आरोप लगाया है कि संदीप नामक युवक ने कई बार गली में आते जाते समय उसका पीछा किया तथा उसे ब्लैकमेल भी किया।

### चोरी के 2 मामलों में दो आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** चोरी के 2 अलग अलग मामलों में चौकी किठाना व थाना पूंडरी पुलिस द्वारा 2 आरोपी काबू कर लिए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि नगर खेड़ा के दानपात्र से पैसे चोरी करने के मामले की जांच चौकी किठाना पुलिस के एसआई दलबीर सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी गांव कलासर निवासी नरेंद्र शर्मा को गिरफ्तार कर लिया।

## अगौंध में आयोजित रात्रि प्रवास कार्यक्रम में सुनी समस्याएं

# विकसित समाज के निर्माण में आमजन की सक्रिय भागीदारी जरूरी : उपायुक्त

### अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

डीसी प्रीति ने कहा कि सुदृढ़ एवं विकसित समाज के निर्माण में आमजन की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। अधिकारी सुनिश्चित करें कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन व नशा विरोधी अभियान सहित अन्य जागरूकता कार्यक्रमों में अधिक से अधिक लोग भाग लें। रात्रि प्रवास कार्यक्रम में प्रशासन व आमजन में जो तालमेल स्थापित हुआ है, इसे आगे भी बनाए रखें। रात्रि प्रवास कार्यक्रम में जो भी समस्याएं आई हैं, अधिकारी उनका जल्द से जल्द समाधान कर लोगों को राहत पहुंचाएं और यदि किसी समस्या का समाधान किसी कारण से नहीं हो पा रहा तो लोगों को उसकी पूरी जानकारी दें। डीसी प्रीति मंगलवार को अगोंध गांव में आयोजित रात्रि प्रवास कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रही थी। इस दौरान उनके साथ एसपी राजेश कालिया, एसडीएम गुहला कैप्टन प्रमेश सिंह व अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। डीसी प्रीति ने कहा जिला के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में सुझाव पेटिकाएं लगाई गई हैं। गांव वासी यदि भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराईयों के संबंध में सूचना देना चाहते हैं तो वे बिना अपना नाम लिखे भी शिकायत सुझाव पेटिका में डाल सकते हैं।


डीसी तथा एसपी ग्रामीणों को नशा न करने की शपथ दिलाते।

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान ग्राम सचिवालय में साफ-सफाई न होने की शिकायत पर ग्राम सचिव व पटवारी के लोगों से न मिलने की शिकायत पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। गांव के सरपंच गुरताज सिंह ने गांव में पहुंचने पर डीसी व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने सभी को नशा विरोधी शपथ दिलाई। इस मौके पर एसपी राजेश कालिया, एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह, डीडीपीओ कंवर दमन, बीडीपीओ समिता, सीएमओ रेणू चावला के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

डीसी ने कहा कि गांव में टीबी जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ति मरीजों को अलग थलग न करके उनकी उचित देखबाल करें। यदि महिला टीबी की मरीज है तो सुनिश्चित करें कि वे खाना बनाते समय मास्क का प्रयोग करें और इन्हें समय-समय पर आराम करने का अवसर भी प्रदान करें। डीसी ने लोगों का आह्वान किया कि वे यातायात नियमों का पालन करें। गांव के युवा बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें और स्वयं गांव वासी इस बात का ध्यान रखें कि अपने कार्यों के लिए नाबालिग बच्चों से वाहन न चलवाएं। डीसी ने किया प्रदर्शनी का अवलोकनः रात्रि प्रवास कार्यक्रम से पहले विभिन्न विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं के संबंध में प्रदर्शनी का आयोजन किया। डीसी ने कार्यक्रम में पहुंचते ही सभी विभागों के स्टॉल पर जाकर अवलोकन किया और पूछा कि गांव में कितने लोगों को योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। डीसी ने अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, खेल विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, अग्रणी बैंक कार्यालय, जन स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, जैव विविधता बोर्ड, मत्स्य, पशुपालन, बागवानी, रोजगार कार्यालय, आयुष विभाग सहित विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके बाद डीसी ने गांव में लोगों की समस्याएं सुनी, जिनमें मुख्यतः आवास योजना, सड़क बनवाने, अवैध कब्जे हटवाने, पेयजल की समस्या, खेतों में नहरी पानी, गांव में गली व नाली का निर्माण करने बारे, पंजावे की भूमि से अवैध कब्जा हटवाने, विधवा पेंशन व बुढ़ापा पेंशन बनवाने, राशन कार्ड, आवासीय क्षेत्र से बिजली की तार हटवाने, टुटी पेयजल पाइप लाइन की मुरम्मत करने, रात के समय डीजे आदि से होने वाले ध्वनि प्रदूषण को रोकने बारे व बिजली कनेक्शन जारी करवाने संबंधित 100 से अधिक शिकायतें सुनी और अधिकारियों को बुलाकर समाधान के निर्देश दिए।

# साइबर अपराधों से बचने का पढ़ाया पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला पुलिस की साइबर टीम द्वारा पुलिस अधीक्षक राजेश कालिया के निदेर्शानुसार लगातार मुहिम के तहत स्कूल, कॉलेजों व अन्य सार्वजनिक स्थानो पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों सहित आमजन को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु की टीम ने जाट कॉलेज कैथल में एनएसएस कैंप दौरान विद्यार्थियों के साथ-साथ टीचर व अन्य स्टाफ को भी साइबर अपराधों के बारे में जानकारियां दी।

इस कार्यक्रम के दौरान पीएसआई शुभ्रांशु ने बताया कि आज के समय में साइबर अपराध काफी बढ़ गया है। किस-किस प्रकार के साइबर अपराध घटित हो रहे, के बारे जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे घर लौट कर साइबर अपराधों के बारे में अपने अभिभावकों को भी अवश्य बताएं। ताकि आपके साथ-साथ आपके परिजन भी साइबर अपराधों के प्रति सचेत रहें। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी अलग-अलग तरीके अपनाकर लोगों के साथ ठगी करते हैं। साइबर अपराधी पहले तो जाल बिछाकर व्यक्ति को अपने शिकंजे में फंसाता है।


**कैथल।** पीएसआई शुभ्रांशु विद्यार्थियों को जानकारी देते। फोटो :हरिभूमि

### स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**कैथल।** डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय, कैथल में राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य कॉलेज परिसर में स्वच्छता जागरूकता फैलाना था। इस शिविर का आयोजन एनएसएस के इड्ड८२ यूनिट द्वारा किया गया, इसका थीम /"कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान/" रहा। इस शिविर में एन. एस. एस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुशील कुमार ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया और इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी छात्रों से सक्रिय सहभागिता की अपील की। उन्होंने छात्रों को यह भी समझाया कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी भी है और इसे समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना बेहद जरूरी है।


राजकीय कालेज में स्वच्छता अभियान चलाते स्वयं सेवक।


**राजौंद।** कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### गणित प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

**राजौंद।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली में प्रधानाचार्य ओमप्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में एक गणित प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने हिस्सा लिया और गणितीय प्रश्नों को हल करने की प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य ने विजेता छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि गणित न केवल अकादमिक क्षेत्र में बल्कि दैनिक जीवन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते कहा कि निरंतर अभ्यास और परिश्रम से गणित विषय में उत्कृष्टता प्राप्त की जा सकती है। विद्यालय प्रबंधन समिति ने भी इस आयोजन की सराहना की और कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों में गणित के प्रति रुचि बढ़ाने और उनकी तार्किक क्षमता को विकसित करने में सहायक होती हैं।

### रेंडेमाइजेशन का उद्देश्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करना : डीसी

**जींद।** जिला प्रशासन द्वारा दो मार्च को होने वाले नगर पालिका जुलाना के आम चुनाव व नगर पालिका सफीदों के वार्ड नंबर 14 में होने वाले उप चुनाव के मद्देनजर हर स्तर पर व्यापक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है। चुनावी प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने में चुनाव प्रत्याशियों और उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रशासनिक स्तर पर कदम उठाए जा रहे हैं। बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित सभागार में सभी वार्डों के लिए ईवीएम, बैलेट यूनिट और कंट्रोल यूनिट के आबंटन के लिए दूसरे चरण का रेंडमाइजेशन किया गया। पहले प्रधान पद के लिए, उसके बाद वार्ड मेंबर के लिए रेंडमाइजेशन किया गया। प्रत्याशियों की ओर से नियुक्त चुनाव एजेंट सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।


**जींद।** रेंडेमाइजेशन प्रक्रिया में भाग लेते हुए प्रत्याशी, प्रतिनिधि।


**जींद।** जागरूकता रैली निकालते स्वयंसेवक। फोटो :हरिभूमि

### स्वयंसेवकों ने सीखे प्राथमिक उपचार के गुर

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का बुधवार को चौथा दिन रहा। प्रतिदिन की भांति सुबह की शुरुआत योगाभ्यास से की गई। योग प्रशिक्षक विजेंद्र आर्य ने सभी स्वयंसेवकों को योगासन का अभ्यास करवाया। सुबह के सत्र में रेडक्रॉस अधिकारी भगवान दास ने विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार एवं रेडक्रॉस विषय पर संबोधित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार के महत्व को समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को जागृत किया कि जब कहीं भी आप किसी घायल व्यक्ति को देखें तो उसे प्राथमिक उपचार अवश्य दें और उसके उपरांत अस्पताल तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचने वाले व्यक्ति से किसी भी प्रकार की पुलिस पूछताछ नही की जाएगी। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने नशा मुक्त हरियाणा और अन्य संवेदनशील विषयों जैसे पर्यावरण संरक्षण, जल बचाओ, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पराली प्रबंधन, एचआईवी एड्स जागरूकता आदि विषयों को लेकर श्री लज्जाराम आश्रम पिंडारा से रेलवे स्टेशन पिंडारा तक जागरूकता रैली निकाली।

### आर्य समाज नरवाना में यज्ञ का आयोजन

**नरवाना।** आर्य समाज नरवाना में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष में यज्ञ हवन किया गया। सत्संग में धर्मपाल एवं यशपाल आर्य ने भजन एवं गीतों के माध्यम से ऋषि दयानंद सरस्वती बौद्ध उत्सव का उल्लेख किया गया। आर्य समाज के प्रवक्ता ने कहा महाशिवरात्रि अस्तो मा सद्गमय तम्सोर्माज्योतिर्गमय मृत्योर्मामृतगमय के सिद्धांत अनुसार अज्ञानता से ज्ञान विज्ञानएअन्धकार से प्रकाश और मृत्यु से अमृत पान करने का उत्सव है। सत्यम शिवम सुंदरमए सत्यमेव जयते के नियम अनुसार प्रत्येक मनुष्य का जीवन सत्य कल्याणकारी सुंदर विधान पर आधारित होना चाहिए। शिव ही शक्ति हैए शक्ति की पूजा आदिकाल से राष्ट्र का आधार है। परमपिता परमात्मा का नाम शिव अर्थात कल्याण के रूप में भी है। फाल्गुन की 12 शिवरात्रियों में महाशिवरात्रि है। मनुष्य की सुप्तावस्था शक्ति को नव जागृत करने का विधान है। जयपाल सिंह आर्य ने कहा कि मनुस्मृति के श्लोक के अनुसार जल से शरीर शुद्ध होता हैए तहसील संबंध विद्या और तब से आत्मा शुद्ध होती है।


**नरवाना।** यज्ञ में आहूति डालते हुए। फोटो :हरिभूमि


बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते विष्णु बागड़ी।

### जीवन बचाने के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी

**जींद।** हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड के दिशा निर्देशानुसार नव दुर्गा सीनियर सेकेंडरी स्कूल व डीएवी पब्लिक स्कूल में पर्यावरण संरक्षण पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड के जिला कोऑर्डिनेटर विष्णु बागड़ी ने बतौर मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत कर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हमारे आसपास का वातावरण, पेड़ पौधे, पशु, पक्षी, हवा, पानी अर्थात संपूर्ण प्रकृति चाहे वह जड़ हो या चेतन, शुरू से ही मनुष्य का प्रकृति से गहरा संबंध रहा है। हम यह भी कह सकते हैं कि प्रकृति और मनुष्य एक दूसरे के पूरक हैं। पर्यावरण के बिना मनुष्य के जीवन की कल्पना भी नही की जा सकती है। आधुनिकता के इस दौर में हम स्वार्थी हो चुके हैं और प्रकृति के साथ खिलवाड़ करते रहते हैं।


**सफीदों।** छात्राओं को रैपिंग सिखाते प्रियंका कंसल। फोटो :हरिभूमि

### शिविर में स्वयंसेविकाओं को करवाया योगाभ्यास

**सफीदों।** नगर के सरला मेमोरियल राजकीय कन्या महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के तत्वावधान में उपमंडल के गांव सिंघपुरा में चल रहे सप्त दिवसीय एनएसएस कैंप के पांचवें दिन की स्वयंसेविकाओं को योगाभ्यास करवाया गया। योगगुरू डा. सुदेश कुमारी ने छात्राओं को योग करवाते हुए उन्हे शरीर को पूर्ण रूप से स्वस्थ रखने और जीवन जीने की कलाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद है। यह शरीर को लचीला और मजबूत बनाता है। साथ ही यह मन को शांत रखने और तनाव कम करने में मदद करता है। योग से एलाइनमेंट ठीक होता है, पाचन तंत्र बेहतर होता है, आंतरिक अंग मजबूत होते हैं, एकाग्रता में सुधार होता है व वजन घटाने में मदद मिलती है। शिविर के दोपहर के सत्र में प्रियंका कंसल ने पहुंचकर छात्राओं को साड़ी की रैपिंग के बारे में सिखाते हुए कहा कि आज के दौर में लड़कियों को स्वावलंबी व हुनरमंद बनने की जरूरत है।

# महर्षि स्कूल में मनाया रुद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महर्षि विद्या मंदिर स्कूल में महर्षि विश्व शांति आंदोलन के तहत महाशिवरात्रि के उपलक्ष में रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत प्राचार्या, विद्यार्थी व उपस्थित अध्यापकों ने रुद्राभिषेक करते हुए महामृत्युंजयएरुद्राष्टक तथा नमः शिवाय के मंत्रों की गूंज से वातावरण शुद्ध व भक्तिमय हो गया। ध्यान शिक्षक सतेंद्र तिवारी ने बताया कि शिवरात्रि के दिन महादेव को प्रसन्न करने का रामबाण उपाय है रुद्राभिषेक। इसके द्वारा हम शिव को जल्द ही प्रसन्न कर मनचाहा वरदान पा सकते हैं। क्योंकि शिव को रुद्र रूप बहुत प्रिय है। प्राचार्या कनिका आनंद ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम से सभी भक्तजनों का ईश्वर के प्रति प्रेम व सद्भावना का संचार होता है। तन और मन पवित्र होता है। रुद्राभिषेक करने से सभी गृहदोषों का निवारण होता है तथा चारों तरफ वातावरण में नकारत्मकता को नष्ट कर हम सकारात्मकता का संचार कर विश्व में शांति स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि रुद्राभिषेक से जुड़ी मान्यताओं के अनुसार शक्कर से मिले जल से अभिषेक करने से संतान प्राप्ति गाय के दूध से आरोग्य व भस्म से मोक्ष की प्राप्ति होती है।


**जींद।** रूद्राभिषेक करते बच्चे। फोटो :हरिभूमि


**जींद।** सर्विस रोड पर बना पानी निकासी को लेकर नाला में गंदगी।

### सर्विस रोड के पास बने नालों की नहीं हो रही सफाई

**जींद।** उचाना हाइवे पर उपमंडल कार्यालयए पुलिस थाना के सर्विस रोड पर बारिश के पानी की निकासी को लेकर बनाए गए नालों की सफाई नहीं होने से नालों में भरा गंदा पानी परेशानी दुकानदारों, राहगीरों के लिए बनने लगा है। बारिश के पानी की निकासी को लेकर बनाए गए ये नाले के ऊपर जो पत्थर रखे गए है वो भी काफी जगह से टूटने लगे है। दुकानदार, राहगीर इसको लेकर कई बार मांग कर चुके हैं लेकिन सफाई नियमित रूप से नहीं होने के साथ-साथ पानी की निकासी भी नहीं हो रही है। गंदे पानी में मच्छर भी पनपते है तो बारिश के मौसम में पानी सर्विस रोड पर कई-कई घंटे भर रहता है। सर्विस रोड पर जो दुकान है उनके दुकानदारों को परेशानी उठानी पड़ रही है। चांदी, सुरेश, दिनेश, राहुल ने कहा कि जब से सर्विस रोड बने है तब पानी की निकासी को लेकर सड़क के साथ नालों का निर्माण किया गया।

**कार्यक्रम** — कक्षा चौथी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

# राजकीय माध्यमिक विद्यालय नरवाना ढाणी क्ले मॉडलिंग में बना ओवरऑल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

स्थानीय राजकीय मावि नरवाना ढ़ाणी में चित्रकला,स्कैच, पेंटिंग और क्ले मॉडलिंग की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कक्षा चौथी से आठवीं तक के छात्र.छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम संयोजक राजेश टांक ने बताया कि निपुण भारत अभियान के तहत पूरे भारतवर्ष के सरकारी विद्यालयों में खेल.खेल में शिक्षाए समझ के साथ पठन और पाठन तथा नई शिक्षा नीति के आधार पर शिक्षण कार्य करवाया जा रहा है। उसी कड़ी में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कक्षा चौथी से आठवीं तक की कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नरवाना ढ़ाणी स्कूल की कक्षा पांचवी.ए चित्रकला, स्कैच, पेंटिंग और क्ले मॉडलिंग में बनी ओवरऑल चैंपियन बनी। इस प्रतियोगिता में जज की भूमिका मौलिक मुख्य अध्यापिका स्नेहलता और कला अध्यापक कृष्ण सैन ने निभाई। परिणाम कुछ इस प्रकार से रहेरू.पांचवी कक्षा से गरिमा और नाबिया क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान पर रही, कक्षा आठवीं से सुनैना तीसरे स्थान पर, चित्रकला में संध्या चौथे स्थान पर, पोट्रेट में विराट पांचवें स्थान पर, नैंसी छठे स्थान पर, अर्ध नारीश्वर के रूप का चित्रण पांचवी कक्षा की खुशी और किरण ने किया जो क्रमशः सातवें , आठवें स्थान पर रही, ऋषि ने मां पार्वती का बहुत ही शानदार चित्र बनाया जिसके साथ-साथ आंचल और अन्य विद्यार्थियों ने शिव पार्वतीए अर्धनारीश्वर चित्र, त्रिशूल डमरू का चित्रण, अमरनाथ गुफा, केदारनाथ, क्रोधित शिव तांडव करते तथा क्ले मॉडलिंग से सब का मन मोह लिया। इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों के शैक्षणिक कार्य की धुरी के रूप में काम करते हैं जिसके शिक्षण कार्य में दुरगामी परिणाम होते हैं।




**जींद।** जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी वितरित करते संस्था सदस्य।

### बच्चों को वितरित की ड्रेस

**जींद।** महाशिवरात्री पर पहला कदम फाउंडेशन ने रामावि अनूपगढ़ में सभी बच्चों को ड्रेस वितरित की। राष्ट्रीयध्यक्ष राजेश ने बताया की फाउंडेशन सदस्य समय-समय पर जरुरतमंद बच्चों के लिए वर्दी, स्टेशनरी उपलब्ध करवाने का कार्य करते हैं ताकि हर जरुरतमन्द बच्चा समाज में गर्व से आगे बढ़े ओर उसे किसी प्रकार की दिक्कत का सामना ना करना पड़े। राजेश वशिष्ठ ने बताया कि बच्चे भगवान का रूप होते हैं।

**सूचना**

मैं, खजानी देवी पत्नी स्व. श्री पालेराम निवासी विजय नगर, नजदीक न्यू बस स्टेण्ड, तहसील जींद, जिला जींद बयान करती हूं कि मेरा पुत्र सचिन मेरे कहने–सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### बदलते मौसम ने बढ़ाई किसानों की चिंता

**कैथल।** जिले में पल-पल मौसम में बदलाव हो रहा है। तीन पहले ही हुई बारिश व ओलावृष्टि के बाद मौसम में बदलाव के बाद ठंड बढी थी, लेकिन फिर से अधिकतम तापमान बढ़ा और गर्मी का अहसास हुआ था। इसके बाद बुधवार को सुबह के समय अच्छी धूप खिली, लेकिन बाद दोपहर आसमान में फिर से बादल छा रहे। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के तहत आगामी दो दिन तक बादल छाने के साथ बारिश की संभावना है। बुधवार को अधिकतम तापमान 26.05 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.02 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। चौ. चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय के अधीन कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य समन्वयक डॉ. रमेश चंद्र वर्मा ने बताया कि बुधवार सुबह के समय धूप तो खिली थी, लेकिन दोपहर बाद फिर से आसमान में बादल छा गए। वर्मा ने कहा कि इस मौसम में गेहूं की फसल को कोई नुकसान नहीं है।

### अलग-अलग मामलों में दो पीओ गिरफ्तार

**कैथल।** पी.ओ./बेलजंपरो की धरपकड़ के लिए एसपी राजेश कालिया के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम अंतर्गत जिला पुलिस द्वारा अलग अलग मामलों में 2 पी.ओ. आरोपी काबू किए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पीओ पकड़ो स्टाफ के एचसी गुरदेव सिंह द्वारा वर्ष 2022 चोरी मामले में पीओ आरोपी गांव दिल्लोंवाली निवासी सुभाष को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी पर 1 फरवरी 2022 की रात दिल्लोंवाली दादा खेड़ा मंदिर का दानपात्र चोरी करने का आरोप है।

### पंचों के आरोप के बाद बोले डूमरखा कलां के सरपंच

**जींद।** गांव डूमरखा कलां में पंचों द्वारा लगाए गए आरोपों को झूठा बताते हुए सरपंच राहुल उर्फ गोल्डी ने इस पूरे मामले को राजनीति से प्रेरित बताया तो कई पंच भी सरपंच के पक्ष में आ गए है। सरपंच ने कहा कि जो आरोप पंचों द्वारा लगाए गए हैं, उनमें कोई सच्चाई नहीं है। ये सभी आरोप निराधार है वो किसी भी तरह की जांच के लिए तैयार है। आरोप लगाने वाले पंचों को लेकर सरपंच ने कहा कि ये पंच अपने निजी कामों के लिए दबाव बना रहे है। बीडीपीओ ऑफिस में मंगलवार को डूमरखा कलां के कई पंचों ने लिखित में शिकायत देते हुए सरपंच पर आरोप लगाते हुए जांच की मांग की थी।

### आदित्य सुरजेवाला ने प्रदेश व कैथल वासियों को दी महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं

# विधायक आदित्य सुरजेवाला ने श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर में की पूजा

**खास बातें**

- जो भी व्यक्ति खुले मन से बगैर किसी कुंठा के मंदिर में शीश झुकाता है, भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद उनको मिलता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल से कांग्रेस के विधायक आदित्य सुरजेवाला ने महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में श्री ग्यारह रुद्री शिवलिंग पर जलाभिषेक किया व पूजा अर्चना की। आदित्य सुरजेवाला ने भोलेनाथ के चरणों में शीश नवाकर चरण वंदना की व कैथलवासियों पर हमेशा आशीर्वाद व कृपा बनाए रखने के लिए कामना भी की। आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि श्री ग्यारह रुद्री मंदिर के सरोवर के पीछे विदक्यार एक सरोवर और है जिसमें बीचों बीच महादेव की मूर्ति लगातार आशीर्वाद व सुरक्षा के लिए है। बाबा भोलेनाथ देवों के देव महादेव हैं। इस ऐतिहासिक श्री



**कैथल।** विधायक आदित्य सुरजेवाला ग्यारह रूद्री मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक करते।

ग्यारह रुद्री शिव मंदिर में केवल भव्य मंदिर ही नहीं बल्कि एक ऐतिहासिक सरोवर भी है, एक स्कूल भी है जिसमें हर बार बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद सम्मिलित है। जो भी व्यक्ति खुले मन से बगैर किसी कुंठा के मंदिर में शीश झुकाता है, भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद उनको मिलता है व उनकी मनोकामना बिलकुल पूरी करते हैं। तत्पश्चात आदित्य सुरजेवाला प्रताप गेट स्थित श्री सिद्ध महापीठ शिव वाटिका में भी भोलेनाथ के दर्शन करने पहुंचे और शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना कर भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया।

विधायक आदित्य सुरजेवाला ने सभी शिव भक्तजनों को बाबा भोलेनाथ के आशीर्वाद व अनुकम्पा की कामना करते हुए सबको महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर समिति के प्रधान विनोद मित्तल, वरिष्ठ उपप्रधान रमेश गर्ग, चेयरमैन घनश्याम मित्तल, सतपाल, कुलदीप सचदेवा, मंगल राम सैनी, सुशील गोयल, पदम लटकानिया, श्री सिद्ध महापीठ शिव वाटिका सभा प्रधान कृष्ण नारंग, उपप्रधान वेद नरूला, सचिव विशंभर अरोड़ा, कोषाध्यक्ष वरुण मदान, राजकुमार मुखीजा, महेंद्र मक्कड़, बिट्टू दुआ, सुभाष कालड़ा, सुरेश अरोड़ा, बलदेव ठेकेदार व लवली गुलाटी भी मौजूद रहे।



**राजौंद।** दुर्गा शिव मंदिर में जलाभिषेक करते हुए श्रद्धालु

### महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया

**राजौंद।** महाशिवरात्रि पर्व प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष बड़ी धूमधाम से मनाया गया। राजौंद के प्राचीन शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी लाइनें लगी हुई थी। इसके अलावा क्षेत्र के कुछ मंदिरों में महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं द्वारा जल चढ़ाने के लिए विशेष प्रबंध किए हुए थे। आचार्य बृज भूषण ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर शिव मंदिर में स्थित शिव लिंग पर जल चढ़ाने से 16 सोमवार जल चढ़ाने के समान पुण्य लगता है। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर व्रत रखने वाले श्रद्धालु फलाहार पर व्रत कर सकते हैं। आचार्य ने बताया कि महाशिवरात्रि महा पर्व आदि-अनादि देव महादेव का पर्व है। यह पर्व वर्ष में दो बार मनाया जाता है। प्रथम फाल्गुन माह में तथा दूसरा श्रावण माह में। विधि के विधान के अनुसार सृष्टि निर्माण का दायित्व श्री ब्रह्मा जी को, पालन पोषण का दायित्व श्री विष्णु जी को तथा सृष्टि संहार का भार श्री महादेव जी को सौंपा गया, लेकिन अध्यात्मिक दृष्टि से देखें तो महादेव का स्वरूप व प्रकृति विनाश से कही ज्यादा कल्याणकारी रहा है। भोले नाथ तो इतने सरल स्वभाव के हैं कि स्वयं विष पीकर दूसरों को जीवन देते हैं। कितनी ही दुष्ट प्रवृति का मानव या दानव हो, उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर मन वांछित वरदान दे देते हैं तभी तो भगवान शिव ने भस्मासुर को वरदान दे दिया था। भगवान शिव शंकर तो संकट हरने वाले व कल्याण करने वाले देव हैं तथा शिव भोले नाथ अपने भक्तों की मनोकामना अवश्य पूरी करते हैं।





जींद। भगवान शिव का जलाभिषेक करते हुए श्रद्धालु।

## भक्तों ने जलाअभिषेक कर मांगी मन्नतें

**जींद।** जिलेभर में बुधवार को महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा से मनाया गया। अल सुबह ही शहर के मंदिरों व शिवालयों में श्रद्धालु पहुंचना शुरू हो गए और देखते ही देखते लंबी लाइनें लग गई। श्रद्धालु मंदिर में भोले बाबा के पूरा दिन जयकारे लगाते रहे तो कुछ शिवभक्तों ने गौमुख तथा हरिद्वार से कावड़ ला कर पवित्र गंगा जल से शहर के विभिन्न शिव मंदिरों में जलाभिषेक कर सुखद जीवन की कामना की।



### जयंती देवी मंदिर में रूद्राभिषेक

जयंती देवी मंदिर रूद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। श्रद्धालुओं ने ओम नमः शिवाय व महामृत्युंज्य मंत्र के द्वारा पंचामृत, बेलपत्र, आक, धतूरा, फल व मिष्ठान से पूजन किया। इस दिन कि मान्यता यह है कि भगवन शिव सरल उपासना से ही प्रसन्न हो जाते हैं और हर असंभव को भी संभव बना देने की शक्ति पा लेते हैं। इस दिन पूजन करने से हम अपने कष्टों को दूर करके व सभी मनोकामनाओं को पूर्ण कर सकते हैं। शिव की कृपा से हमारी सारी समस्याओं का अंत हो जाता है और अलग-अलग सामग्री के द्वारा हमारी मनोकामनाए पूर्ण हो जाती है। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि इस बार महाशिवरात्रि पर्व पर श्रवण नक्षत्र, बुधादित्य, त्रिग्रही योग का निर्माण हुआ। इन तीनों योगों का एक ही दिन पर बनना अद्भुत संयोग रह। महाशिवरात्रि हिंदुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह भगवान शिव का प्रमुख पर्व है। फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को शिवरात्रि पर्व मनाया जाता है।



### मंदिरों में लगी श्रद्धालुओं की लंबी लाइनें

महाशिवरात्री पर्व पर जयंती देवी मंदिर, ऐतिहासिक भूतेश्वर मंदिर, ठिठारी महादेव, सोमनाथ मंदिर, हनुमान मंदिर, शिव चौंक, सफीदों गेट में सुबह से ही शिवभक्तों की लाइनें लगनी शुरू हो गई थी। शहर में जगह-जगह भंडारों का भी आयोजन किया गया। जिसमें शिव भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। रानी तालाब स्थित भूतेश्वर मंदिर में 12 बजे तक श्रद्धालु लाइन में लगे रहे।

### महाशिवरात्रि का पर्व जिले में बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया

**कैथल।** जिले भर में महाशिवरात्रि का पर्व जिले में बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। अलसुबह चार बजे से ही मंदिरों के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए गए थे। शहर और गांव के सभी शिवालयों में सबसे पहले कांवडियों ने बोल बम बम के जयकारों के साथ जलाभिषेक कर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। इसके बाद श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार मंदिरों में जल चढ़ाने और पूजा करने के लिए उमड़ती रही। शहर के मुख्य प्राचीन मंदिरों में श्री ग्यारह रुद्री मंदिर, चांदना गेट स्थित निर्माणाधीन नीलकंठ महादेव द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर, प्राचीन श्री अंबकेश्वर मंदिर, पाडला रोड स्थित शिव वाटिका, अमरगढ़ गामड़ी स्थित बाबा डेरा, सतलोक आश्रम स्थित शिव मंदिर, ढांड रोड स्थित शीतल पुरी मंदिर, श्री शिव शक्ति धाम मंदिर और हनुमान वाटिका स्थित शिव मंदिर सहित अन्य सभी शिवालयों में जलाभिषेक किया गया। महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने पंचामृत, फल, फूल, बेलपत्र, धतूरा, दूध, घी, और गंगाजल जैसी विभिन्न पूजा सामग्रियों के साथ भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और अपने परिवार की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। चारों पहरों में विशेष पूजा-अर्चना और हवन का आयोजन किया गया। प्राचीन श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर में मंदिर समिति की ओर से भव्य सजावट की गई और शिव पुराण कथा का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित मुनेंद्र मिश्रा ने यजमानों और श्रद्धालुओं की चार पहर की पूजा करवाई और हवन में आहुतियां डलवाईं। हवन के बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर में पूजा करने आई नेहा, पूनम, आरती, कीरण, ज्योति ने नंदी के कान में मन्नतें मांगी ओर बताया कि भगवान शिव की आराधना करने और उपवास रखने से उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और घर में सुख-शांति बनी रहती है। पाडला रोड स्थित श्री सिद्धपीठ शिव वाटिका में महाशिवरात्रि के अवसर पर विशेष हवन करवाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महंत हरीश शास्त्री ने मंदिर में पहुंचकर जलाभिषेक किया और श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। इसके बाद मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। दिनभर मंदिरों में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। बोल बम के जयकारों के साथ माहौल भक्तिमय हो गया। कांवडियों और श्रद्धालुओं ने मिलकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। मंदिरों में धार्मिक भजनों और मंत्रोच्चारण की गूंज पूरे वातावरण को भक्तिमय बना रही थी। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जिले भर के शिवालयों में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हुए उपवास रखा और रात्रि जागरण किया। महाशिवरात्रि पर जिले में शिवालयों में उमड़ी भीड़ और धार्मिक अनुष्ठानों के भव्य आयोजन ने सभी को शिव भक्ति में लीन कर दिया। इस अवसर पर श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर समिति के प्रधान विनोद मित्तल, घनश्याम मित्तल, मेहर सिंह सिंगला, सुशिल गुप्ता व सतनारायणस मित्तल ने मंदिर में विशाल भंडारा लगाकर प्रसाद वितरित किया। इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।





कैथल। श्री ग्यारह रूद्री प्राचीन शिव मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु तथा लगी लाइन

### महाशिवरात्रि पर निकाली शोभायात्रा

**सफीदों।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सफीदों सैंटर के तत्वावधान में बुधवार को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा की अध्यक्षता सफीदों सैंटर इंचार्ज बहन स्नेहलता ने की। यात्रा को नगर के प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से सब इंस्पेक्टर सुरेश कुण्डू ने झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह यात्रा नगर के अनेक बाजारों व मौहल्लों से होकर गुजरी। यात्रा का नगर के अनेक स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। इस यात्रा में 108 बहनें अपने सिर पर कलश उठाए हुई थी। यात्रा में भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, केदारनाथ, भीमाशंकर, विश्वनाथ, त्रयम्बकेश्वर, वैद्यनाथ, नागेश्वर, रामेश्वरम व घुश्मेश्वर की झांकियों को विशेष रूप शामिल किया गया। यात्रा में बज रहे भजनों ने माहौल को शिवमय व भक्तिमय बना दिया। अपने संबोधन में बहन स्नेहलता ने कहा कि शिवरात्रि का अर्थ है-शिव की रात्रि। यह रात्रि अंधकार का प्रतीक है। वर्तमान समय मानवीय, नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों की घोर अवहेलना हो रही है। मन विकारों से दूषित है। इस समय की अवधि को शास्त्रों में धर्म ग्लानि या अधार्मिकता के रूप में वर्णन किया गया है। प्रश्न यह है कि कौन इस दुनिया में ज्ञान रूपी प्रकाश लाएगा। यह कार्य केवल एक ही सर्वशक्तिमान सत्ता ईश्वर ही कर सकते हैं। वह शिव हैं, जिसका अर्थ है-सबका कल्याणकारी। उनका कोई भौतिक शरीर या भौतिक रूप नहीं है। वह दिव्य प्रकाश और शक्तियों के एक बिंदु हैं। शिवरात्रि का दिव्य संदेश यह है कि परमपिता परमात्मा शिव अब एक बार फिर घोर अंधियारे की इस लंबी रात्रि में अवतरित हुए हैं। वे इस धरती के दुःख और अशांति को मिटाने आए हैं। इस दिन आत्मा को पवित्र बनाने के लिए हर प्रकार की अपवित्रता को त्यागने का संकल्प करना चाहिए। भगवान शिव को बेलपत्र चढ़ाना मन, वचन और कर्म द्वारा भगवान के प्रति समर्पण का प्रतीक है। शिवरात्रि यथार्थ अर्थ को जीवन में धारण करने का समय है।



### सफीदों में धूमधाम से मनाया महाशिवरात्रि का पर्व

**सफीदों।** सफीदों क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शिवालयों में भगवान भोलेनाथ की अराधना करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लग गई हैं। भक्तों ने लाइन में लगकर मंत्रोचारण के बीच भगवान शिव की पूजा अर्चना की व पंचामृत दूध, दही, शहद, गंगाजल व घी से शिवलिंग का जलाभिषेक किया और परिवार में सुख सृमद्धि बनाए रखने की कामना की। वहीं हरिद्वार से कावड़ लेकर पहुंचे कांवडियों ने शिवलिंग पर जल चढ़ाया। नगर के ऐतिहासिक श्री नागक्षेत्र सरोवर मंदिर, गांव बडौद व गांव भुरायण स्थित शिव मंदिरों में विशेष भीड़ देखने को मिली। इस पर्व को लेकर मंदिरों को भलीभांति सजाया गया। मंदिरों में भजन-कीर्तन के भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।



### श्रद्धालुओं ने की मनोकामना पूर्ति के लिए पूजा

**जींद।** महाशिवरात्रि के पर्व पर भगवान शिव की मनोकामना पूर्ति के लिए श्रद्धालुओं ने पूजा.अर्चना की। उचाना कलां के प्राचीन पातालेश्वर महादेव शक्तिपीठ में सुबह से ही श्रद्धालु पहुंचने शुरू हो गए थे। सबसे पहले शिवलिंग पर जलाभिषेक गौमुख, हरिद्वार से डाक कांवड लेकर आए शिव भक्तओं ने किया। मंदिरों में सुबह से लेकर दोपहर तक भीड़ श्रद्धालुओं की रही। मनोकामना पूर्ति के लिए हवन करने के साथ.साथ व्रत भी श्रद्धालुओं द्वारा रखे गए। मंदिर परिसर में सुंदर-सुंदर भगवान शिव.पार्वतीए भगवान शिव की झांकी प्रस्तुत की। श्रद्धालुओं की किसी तरह की परेशानी न हो इसको लेकर बेरीगेटस लगा कर टीम बना कर शिवभक्तों की ड्यूटी लगाई गई। खीर का प्रसाद भी श्रद्धालुओं को बांटा गया।



पूंडरी। पूंडरी में स्वीट हाउस पर जांच करते पुलिस।

## नाकबपोश बदमाशों ने मिठाई की दुकान पर चलाई गोलियां, बाल बाल बचा मालिक

अशवनी खुराना ▶▶| पूंडरी

पूंडरी में अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। बुधवार रात करीब 8:45 बजे, सलामत स्वीट हाउस पर चार नकाबपोश बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैला दी। इस हमले में दुकान मालिक तरुण गिरधर बाल-बाल बच गए। बदमाशों ने तीन राउंड फायरिंग की और फिर मौके से फरार हो गए। गोलियां दुकान के गेट पर लगे शीशे में लगी, जिससे कांच का गेट टूट कर बिखर गया।घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बलबीर सिंह व चौकी प्रभारी महिपाल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इसके थोड़ी ही देर बाद एसपी राजेश कालिया भी मौके पर पहुंच गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय विधायक सतपाल जांबा भी घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस अधिकारियों से चर्चा की। पुलिस अधीक्षक (एसपी) कैथल ने भी मौके का निरीक्षण किया और अपराधियों की धरपकड़ के लिए कड़े निर्देश दिए।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

प्राथमिक जांच में पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि अपराधियों की पहचान हो सके। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने इससे पहले भी कई दुकानदारों को फिरौती की धमकी दी थी, लेकिन कोई भी सामने आने की हिम्मत नहीं कर रहा था।इस घटना के बाद पूंडरी के व्यापारियों में दहशत का माहौल है। दुकानदारों का कहना है कि यदि अपराधियों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो व्यापार करना मुश्किल हो जाएगा। विधायक सतपाल जांबा ने भी पुलिस से जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं।फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है और जल्द ही अपराधियों को पकड़ने का दावा कर रही है। गुरुवार को ही पूंडरी में मुख्यमंत्री का आगमन है, जो एक जनसभा को सम्बोधित करने पहुंच रहे है, उनके आने से कुछ घंटे पहले ही ऐसी घटना का होना दर्शाता है कि बदमाशों के हौसले काफी बुलंद है, जबकि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला पुलिस बल भी पूंडरी में सुरक्षा प्रबंध बनाए हुए है।

## जाखौली किच्छाना मार्ग पर हुई बस दुर्घटना को लेकर डीसी ने लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

24 फरवरी को जाखौली किच्छाना रोड़ पर हरियाणा राज्य परिवहन निगम की बस सड़क से नीचे उतरने के हादसे पर डीसी प्रीति ने कड़ा संज्ञान लिया है। इसी रूट पर लगभग 20 दिन पूर्व भी एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो चुकी है। इन दोनों घटनाओं के दृष्टिगत डीसी प्रीति ने पीडब्ल्यूडी विभाग को उनकी सडकों पर आवश्यक प्रबन्ध करने के निर्देश हैं। डीसी प्रीति ने इस मामले में उपमण्डल अधिकारी कैथल की अध्यक्षता में जांच कमेटी का गठन किया गया है , जिसमें पीडब्ल्यूडी के अधिकारी भी बतौर सदस्य शामिल किए गए है। कमेटी द्वारा की गई जांच में पाया गया कि इस हादसे का कारण बस का टायर पक्की सड़क से बर्म में उतर जाना था। अतः जनहित को मध्यनजर रखते हुए और भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनर्रावति ना हो, इसके दृष्टिगत पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्देश दिए हैं कि जिला कैथल में स्थित मेन रोड़, लिंक रोड़ जहां पर बर्म ठीक नहीं है, उनको तुरन्त दुरूस्त करवाया जाए। इस सम्बन्ध में की गई कार्यवाही बारे रिपोर्ट 15 दिन के अन्दर-अन्दर उपायुक्त कार्यालय को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

## मणिमहेश मंडल ने शिवरात्रि पर लगाया भंडारा

- श्रद्धालुओं और राहगीरों को खीर फाफड़ा का प्रसाद वितरित किया गया, जिसे सभी ने बड़े प्रेम और श्रद्धा से ग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल में मणिमहेश मंडल द्वारा शिव रात्रि के उपलक्ष में छज्जू पर स्थित कोठी गेट पर 96वां में भंडारे पर खीर फाफड़ा का प्रसाद विस्तृत किया गया। शिवरात्रि के उपलक्ष में भंडारे का शुभारंभ मदन लाल मित्तल कानूगो नंदलाल व जगन्नाथ ने किया। इससे पूर्व बिधक्यार तीर्थ पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पूजा अर्चना की व कन्याओं को भोजन खिलाकर मंडल के प्रधान दीपक गुप्ता ने भंडारे का शुभारंभ किया। मंडल की ओर से भंडारे का आयोजन हर कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को किया जाता है। दीपक गुप्ता ने बताया शिव त्रयोदशी के उपलक्ष में भंडारे में हजारों लोगों ने कड़ी चावल का प्रसाद ग्रहण किया और जरूरतमंदों को भंडारा विपरीत किया गया। इस दिन उनके दान का बहुत महत्व माना जाता है। भूखे को अन्ना का दान करने से घर में अन्ना की वृद्धि होती है तथा सुख समृद्धि मिलती है। भंडारे में खीर,फाफड़ा,फिंगर का प्रसाद श्रद्धालुओं और राहगीरों को वितरित किया गया, जिसे सभी ने बड़े प्रेम और श्रद्धा से ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि भंडारा लगाने से आपसी भाईचारा बढ़ता है। इस उपलक्ष्य में मंडल के प्रधान दीपक गर्ग, मदनलाल मित्तल कानूगों कपूर चंद गोयल राकेश धमीजा, रमेश दादा, पवन गर्ग, राजन गोयल, राहुल जिंदल,, सेवादार मिंटा, दलबीर, मनदीप गुरदेव, राहुल आदि ने भंडारे में सेवा का सहयोग किया।




कैथल। मणिमहेश मंडल के भंडारे में प्रसाद लेते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### श्रद्धालुओं ने हर्षोल्लास से किया महादेव का जलाभिषेक

# महाशिवरात्रि पर शिव के जयकारों से गुंजायमान हुआ पूंडरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी शहर और आसपास के क्षेत्रों में महाशिवरात्रि का पर्व बड़ी श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालु जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और अन्य पूजन सामग्रियों से भगवान शिव का अभिषेक कर रहे हैं। शहर के प्रसिद्ध ग्यारहरुद्री महादेव मंदिर में सुबह 4 बजे से ही भक्तों की कतारें लग गई थीं। यहां भक्तों ने विधिपूर्वक रुद्राभिषेक किया। वहीं, फरल स्थित श्री फ्लूगेश्वर महादेव मंदिर, मोहना, दुलयानी, सांच, रसीना, बदनारा, सिरसल, हाबड़ी, बरसाना, हजवाना, फतेहपुर और म्योली के शिव मंदिरों में भी श्रद्धालु सुबह से ही जलाभिषेक कर रहे हैं।



पूंडरी। ग्यारहरुद्री मंदिर में जलाभिषेक करते हुए श्रद्धालु।

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कांवडए हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लाकर शिवलिंग का अभिषेक कर रहे हैं। जगह-जगह कांवडयों के विश्राम स्थल बनाए गए हैं, जहां श्रद्धालु उन्हें जलपान करा रहे हैं। मंदिरों में गूंजते गहर-हर महादेवग के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया है। पूंडरी के कई मंदिरों में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में विशेष भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया है। भजन मंडलियां शिव महिमा का गुणगान कर रही हैं, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया है। श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह भंडारे लगाए गए हैं, जहां प्रसाद वितरण हो रहा है।

भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। मंदिरों के आसपास पुलिस बल तैनात किया गया है और यातायात नियंत्रण के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।श्रद्धालु उत्साह के साथ महाशिवरात्रि मना रहे हैं और भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने के लिए व्रत, उपवास और पूजा-अर्चना कर रहे हैं। शिव भक्ति की यह लहर पूंडरी और आसपास के क्षेत्र को शिवमय बना रही है।

### शिव वाटिका में शिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया

**कैथल।** प्रताप गेट पाडला रोड पर स्थित शिव वाटिका में शिवरात्री का त्योहार शिव वाटिका के प्रधान कृष्ण नारंग की अध्यक्षता में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में भोले के दर्शन व जलाभिषेक करने के लिए लग गई। इस अवसर पर मंदिर में हवन भी किया गया जिसमें मुख्य यजमान के रूप में वरुण मदान संग मीनू मदान, सौरभ नारंग संग लवलीन नारंग,अनिल आहूजा संग अल्का आहूजा, गौरव मक्कड़ संग पूजा मक्कड़ सम्मलित हुए। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंहत हरीश जी शास्त्री अपना आशीर्वाद देने के लिए पहुंचे एवम हैफेड चेयरमैन कैलाश भगत व प्रमुख समाजसेवी कमल आहूजा, विधायक आदित्य सुरजेवाला भी इस मौके पर पहुंचे।

### कावड़ियों ने शिवलिंग पर किया जलाभिषेक

**पाई।** पाई व आसपास के मन्दिरों में बुधवार को शिवरात्रि का पर्व धुमधाम से मनाया गया। इस दौरान मन्दिरों में श्रदालुओं के द्वारा भगवान शिव को कांवड़ जल, गंगा जल, दुध, दही, बेर, फल, भांग, धतुरा, बेल पत्र आदि अर्पित किये गये। कई मंदिरों में तो हवन भंडारे का भी आयोजन किया गया। पाई के श्री ग्याहर रूद्री शिव मंदिर, बाबा बिशन पुरी मंदिर में भक्तों की लम्बी लाइन देखी गई। पाई के साथ- साथ बाकल, रमाणा, हाबडी, भाना, करोड़ा, सिसमौर आदि के मंदिरों में भी भक्तजनों की भी भीड़ रही।